# Budha Dal Public School Patiala (21 Sept. 15)

**UNIT - I**

**Class - VIII**

**Hindi**

**Time: 3 hrs.** **खंड-क** **MM: 90**

**प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें:** **(5)**

एक बार की बात है। स्वामी विवेकानंद के शिष्य ने कहा, "स्वामी जी, मैं अमेरिका जाना चाहता हूँ। वहाँ जाकर भारत की संस्कृति, दर्शन और रीति-रिवाज़ का प्रचार-प्रसार करूँगा। आप मुझे विदेश जाने की अनुमति व आशीर्वाद दें।" स्वामी जी ने कहा, "सोचकर बताऊँगा।" शिष्य स्वामी जी का उत्तर सुनकर हैरान हो गया। शिष्य ने स्वामी जी से पुनः यही प्रश्न किया तब भी स्वामी जी ने कहा, "सोचकर बताऊँगा।" शिष्य समझ गया कि स्वामी जी उसे अमेरिका नहीं भेजना चाहते फिर भी वह स्वामी जी के पास ही रुका रहा। दो दिनों के बाद स्वामी जी ने उस शिष्य को अपने पास बुलाया और कहा, "तुम अमेरिका जाना चाहते हो तो तुम जा सकते हो, मेरा आशीर्वाद तुम्हारे साथ है।" दुविधा में पड़े शिष्य ने स्वामी जी से पूछा, "इतनी-सी बात के लिए आपने दो दिन का समय क्यों लिया?" स्वामी जी ने कहा, "मैं दो दिनों में तुम्हारी परीक्षा लेना चाहता था कि तुम्हारे अंदर कितनी सहनशक्ति है? तुम्हारा आत्मविश्वास डगमगा तो नहीं रहा। लेकिन तुम दो दिनों तक यहाँ रुक कर मेरी आज्ञा का इंतज़ार करते रहे; न क्रोध किया और न ही धैर्य खोया। जिसमें इतनी सहनशक्ति और गुरु के प्रति प्रेम भाव है वह कभी नहीं भटकेगा। किसी दूसरे देश के नागरिक के मन में अपने देश की संस्कृति को अंदर तक पहुँचाने के लिए ज्ञान के साथ-साथ, धैर्य, विवेक और संयम की आवश्यकता होती है। मैं, इसी की परीक्षा ले रहा था।"

क) शिष्य अमेरिका में किसका प्रचार-प्रसार करना चाहता था?

ख) स्वामी जी का उत्तर सुनकर शिष्य ने क्या समझा?

ग) स्वामी जी शिष्य की कौन-सी परीक्षा लेना चाहते थे?

घ) दूसरे देश के नागरिक के मन में अपने देश की संस्कृति को अंदर तक पहुँचाने के लिए किस की आवश्यकता होती है?

ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक बताइए।

**प्र2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें:** **(5)**

चलें गाँव की ओर, जहाँ पर हरे खेत लहराते,
मेड़ों पर हैं कृषक घूमते, सुख से विरहा गाते।
गेहूँ, चना, मटर जो सिर लेकर भार खड़े हैं,
बीच-बीच में प्रहरी जैसे दिखते वृक्ष अड़े हैं।
चलें गाँव की ओर, झोंपड़े जहाँ झुके धरती में,
तरु के नीचे खेल रहे हैं, बच्चे निज मस्ती में।
कटि पर लिए गगरिया गोरी आती है बलखाती,
देख किसी गुरुजन को सम्मुख सहसा शरमा जाती।
चलें गाँव की ओर, उठ जहाँ-जहाँ धुआँ लहराता,
थके कृषक को साँझ समय जो घर की ओर बुलाता।
रूखा-सूखा ही भोजन है, पर वह स्नेह सना है,
इसीलिए तो तोष दे रहा, अमृत तुल्य बना है।

क) कवि कैसे गाँव की ओर चलने के लिए कह रहा है?
ख) बच्चे कहाँ खेल रहे है?
ग) युवतियाँ कब शरमा जाती हैं?
घ) रूखा-सूखा भोजन किससे लिप्त रहता है?
ङ) उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक बताइए।

## खंड-ख

प्र3. शब्द और पद में अन्तर बताइए। (2)

प्र4.क) उपसर्ग लगाकर दो-दो शब्द बनाएँ: (2)
उप, अध

ख) प्रत्यय लगाकर दो-दो शब्द बनाएँ: (2)
औना, इया

ग) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करते हुए मानक रुप लिखिए:(1)
आशका, सयुक्त

घ) निम्नलिखित शब्दों में उपयुक्त स्थानों पर अनुनासिक चिह्नों का प्रयोग करें: (1)
पत्तिया, चाद

ड़) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ते का प्रयोग करके शब्द पुनः लिखिए: (1)
जरूरत, साफ

च) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिए: (2)
व्यवहार, दर्पण

छ) निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए: (2)
विषेश, लिखायी, गुरू, घ्रणा

ज) निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार पहचानकर लिखिए: (2)
- रघुपति राघव राजा राम।
- भिखारिन को देखकर पट देत बार-बार।

झ) निम्नलिखित वाक्य में से उद्देश्य और विधेय अलग कीजिए: (1)
- चित्रकार अलग-अलग चित्र बना रहा है।

ञ) रचना के आधार पर वाक्य का उचित भेद बताइए: (1)
- आज नाना जी आने वाले थे किन्तु नहीं आए।

प्र5क) निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त विराम-चिह्न लगाकर पुनः लिखिए: (3)
- सिद्धार्थ गौतम बुद्ध की पत्नी का नाम यशोधरा था।
- जो ईमानदार होते हैं उन्हें ही सम्मान मिलता है।
- माँ ने कहा बेटा सदा उन्नति करो।

ख) निम्नलिखित शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए: (2)
नारीश्वर, लंबोदर

ग) संधि कीजिए: (1)
महा+आत्मा, राजा+ऋषि

घ) निम्नलिखित समस्त-पदों का समास-विग्रह कीजिए: (2)
ज्ञानप्राप्त, पंचवटी

ड़) निम्नलिखित समास-विग्रह के समस्त पद बनाएँ: (1)
तीन रंगों का समूह, भय से भीत

च) संज्ञा छाँट कर भेद का नाम बताइए: (1)
- हरियाली देखकर मुझे प्रसन्नता होती है।

छ) सर्वनाम छाँट कर भेद का नाम बताइए: (1)
- जिसकी लाठी उसकी भैंस।

ज) विशेषण छाँट कर भेद का नाम बताइए: (1)
- मुझे एक लीटर शरबत की बोतल दे दो।

झ) निम्नलिखित वाक्यों में से कारक-चिह्नों को रेखांकित कीजिए तथा उनके भेद भी लिखिए:(2)
- पुनीत बस द्वारा स्कूल जाता है।
- अरे! तुम्हें चोट तो नहीं लगी।

ञ) 1. उपयुक्त मुहावरे द्वारा वाक्य पूरा कीजिए: (1)
- मिल-जुलकर काम करोगे, तो सफलता मिलेगी क्योंकि .................. होते है।

2. निम्नलिखित लोकोक्तियों के वाक्य बनाइए: (2)
- जल में रह कर मगर से बैर
- मान न मान मैं तेरा मेहमान

## खंड-ग

प्र6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए: (3)
दिक्, श्यामल, अनायास, तृप्त, करतारे, आपा

प्र7. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिख कर वाक्य बनाइए: (3)
संशय, प्रावधान, नतमस्तक

प्र8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

क) गरिमा की किन बातों का श्रीमती सहगल के पास कोई जवाब नहीं था? (2)

ख) धरती को स्वर्ग कैसे बनाया जा सकता है? (2)

ग) तुमसे भी रँग जाती एक ऋतु-फूल ने कवि से ऐसा क्यों कहा? (2)

घ) "तुम्हारी मनोकामना पूरी हुई"- इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। (2)

ङ) 'लौ' तथा 'अँधेरा' किसके प्रतीक हैं? (1)

च) भ्रम की काई कब तक नहीं मिट सकती? (1)

प्र9. वृक्ष प्रकृति की सुंदर और अमूल्य भेंट क्यों है और इनके प्रति आदर भाव रखने का मूल कारण क्या है? (5)

प्र10. निम्नलिखित संकेत-बिंदुओं के आधार पर कोई-एक अनुच्छेद लिखिए: (5)

क) आलस्य : सबसे समीपवर्ती शत्रु

संकेत बिंदु:

- मनुष्य का सबसे निकटतम शत्रु आलस्य
- आलस्य से होने वाली हानियाँ
- आलस्य का मनुष्य के जीवन पर प्रभाव
- आलसी व्यक्ति निर्जीव के समान

ख) जीवन में हास्य रस की उपयोगिता

संकेत बिंदु:

- हास्य रस का महत्त्व
- हास्य से लाभ
- हास्य के अभाव से हानि

प्र11. शैक्षिक भ्रमण पर जाने की आज्ञा माँगते हुए पिता को पत्र लिखिए। (5)

अथवा

बिजली संकट से अवगत कराते हुए किसी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

प्र12. 'टिकट गुम हाने पर' बस चालक और यात्री के बीच का संवाद लिखिए। (5)

प्र13. किसी एक 'टूथपेस्ट' पर विज्ञापन तैयार कीजिए। (5)

प्र14. दिए गए चित्र को देख कर 20-30 शब्दों में उनका वर्णन कीजिए। (5)

